सर्दी में सहारा योजना शुरू की

अलवर, (निसं)। बिजली घर के समीप तीनों अस्पतालों में आने वाले मरीजों के परिजनों को अब बिना किसी शुल्क के कंबल दिए जाएंगे।

यह कंबल विजन संस्थान के बिजली घर पर चलने वाले निशुल्क भोजन स्थल से दिए जाएंगे। सर्दी का सहारा नाम से योजना की शुरुआत रविवार शाम को हुई। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को नेक कमाई समूह की ओर से डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के सहयोग से निशुल्क कंबल और अन्य सामान भी वितरित किया गया। इसकी शुरुआत नेक कमाई समूह के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने की। अध्यक्षता समाजसेवी दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में नेक कमाई समूह की ओर से कंबल संस्था को दिए गए और जरूरतमंद लोगों को दिए गए।

कार्यक्रम में प्रमुख अर्थशास्त्री डॉ. सत्यभान यादव ने कहा कि आने वाले समय में अलवर में यह लोग शोध करने आएंगे कि यहां किस प्रकार कई जगह निशुल्क भोजन चल रही है जिसको वे अर्न्तराष्ट्रीय मंच पर भी बताएंगे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष अजय आनंद गोयल, इंजीनियर राजेश लवानिया, नीतिज्ञ, आशुतोष शर्मा और पीयूष उपाध्याय ने भी विचार व्यक्त किए।

कोचिंग सेंटर में लगी आग से फर्नीचर व सामान जलकर राख

चौमू / कालाडेरा, (निसं)। गोविन्दगढ़ कस्बे में स्थित अपेक्षा कोचिंग सेंटर में बीती रात अचानक आग लग गई। आग लगने से कोचिंग सेंटर में रखा लाखों रुपए का फर्नीचर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया।

आग लगने की सूचना मिलने पर चौमू अग्निशमन अधिकारी अर्जुन गुर्जर ने घटना स्थल पर दमकल भेजी।

■ **लाखों रूपए का हुआ नुकसान**

मौके पर पहुंच कर एक दमकल की सहायता से आधे घंटे कि मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

जानकरी के मुताबिक गोविन्दगढ़ कस्बे के पुलिस थाने के पास एक मकान में कोचिंग मालिक राजेंद्र चौधरी के द्वारा अपेक्षा कोचिंग के नाम से संचालित हो रही थी । देर रात को कोचिंग सेंटर में अचानक आग लग गई। आग से फर्नीचर, एसी, कूलर, फ्रिज, पंखे व अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। आग लगती देख मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

गोविन्दगढ़ कस्बे में अपेक्षा कोचिंग सेंटर में बीती रात अचानक आग लग गई।

सात दिवसीय शिविर संपन्न

श्रीमाधोपुर, (निसं)। जीडीएमएल पटवारी पीजी महिला महाविद्यालय श्रीमाधोपुर का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर स्वतंत्रता सेनानी पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में संपन्न हुआ।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड विजेता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक तिवाड़ी मऊ ने कहा कि व्यक्ति का वजूद संगठन पर निर्भर है। फिर संगठन चाहे परिवार का हो, समाज का हो या अन्य कोई भी हो। संगठन से व्यक्ति की इच्छा शक्ति बढ़ती है जिसकी बदौलत असम्भव प्रतीत होने वाले कार्य भी सफलतम सोपान तक पहुंचते हैं। तिवाड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना सौभाग्य का विषय है।

एनएसएस प्रभारी डॉ.किरण शर्मा एवं महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 7 दिन से चल रहे शिविर के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेवा योजना से जुड़ी महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया है। वहीं सोमवार को समापन के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गए वार्ड नंबर 4 के संस्कृत विद्यालय एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित बंशीधर शर्मा के स्मृति स्थल पर श्रमदान कर पेड़ पौधों के साथ ही परिसर की सफाई की गयी है।

सार-समाचार

महिला मोर्चा ने रंगोली सजाई

राजगढ़, (निसं)। जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत को मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से राजगढ़ के गांधी पार्क नवीन रंगमंच पर रंगोली सजाकर खुशी जताई। भाजपा की जिला महामंत्री प्रीति विजय एवं पार्षद प्रीति शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में मेजबानी भारत को मिलने पर गौरवशाली क्षण बताया। जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ रंगोली बनाई गई एवं लोगों को भारत के उन्नित और विकसित होने का संदेश दिया कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति विजय, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल, पार्षद प्रीति शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पद्मा गोयल, पार्षद अंजू बाला,डॉ नीरज शर्मा,महिला मोर्चा महामंत्री सुमन दीक्षित, मीना विजय,सीता शर्मा,चंद्रकांता विजय,रजनी बटवाड़ा डिंपल चितोशिया इत्यादि महिलाएं मौजूद रही।

छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन

सांभरझील, (निसं)। यहां राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को छात्र संघ कार्यालय का उद्घाटन समारोह मनाया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष भवनेश गुर्जर की मौजूदगी में कुलदीप व्यास ने मुख्य अतिथि के रूप में इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की ओर से सरस्वती वंदना भी पेश की गई। विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पर मंचासीन सभी अतिथियों का कॉलेज प्रशासन की ओर से माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। छात्रसंघ परामर्शदाता डॉ संजय जैन ने छात्र संघ कार्यकारिणी का परिचय पेश किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ ज्ञानप्रकाश दायमा ने सभी मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। दिशा मेहरा, निशिता शर्मा, नंदू गुर्जर ने सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की। मंच संचालन डॉ भुवनेश कुमार परिहार, महेश कुमार पालीवाल ने संयुक्त रूप से किया।

लाइब्रेरी का शुभारंभ आज

निवाई, (निसं)। मंगलवार को शहर की इंदिरा कॉलोनी में स्थित सामुदायिक केंद्र में स्थित सार्वजनिक लाइब्रेरी का विधायक प्रशांत बैरवा विधिवत शुभारंभ करेंगे।

एक तरफ कार्रवाई का विरोध, दूसरी तरफ किसान यूनियन ने किया समर्थन

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमू नगरपालिका के ईओ देवेन्द्र जिंदल के द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने के अभियान में एक नया मोड सामने आया है।

एक तरफ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को चौमू विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, भाजपा के युवा नेता शंकर गौरा, चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी गलत बताया था। वहीं सोमवार को भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त मोर्चे ने चौमूं शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ देवेन्द्र जिंदल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने कृष्ण सिंह जादौन के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन को आश्वासन दिलाया कि चौमूं शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए इस अभियान में प्रशासन के हमेशा साथ रहेंगे और स्वयंसेवक के रूप में कार्य करेंगे। वहीं चौमू नगरपालिका ईओ देवेन्द्र जिंदल ने बताया कि कुछ थड़ी एवं भू माफिया प्रभावित लोग पीड़ित व्यक्तियों को आगे रखकर अपनी दुकानदारी चलाना चाहते हैं। किसी भी हाल में गरीबों का शोषण करने वाले थड़ी माफियाओं को पैर पसारने नहीं देंगे आमजन के लिए यातायात सुलभ हो, पुरातत्व सम्पत्ति संरक्षित हो, इसके लिए नियमानुसार अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

■ **चौमू नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान का मामला**

फुटकर व्यापारियों की जगह को लेकर सुझाव कमेटी का गठन सुझाव कमेटी किया जाएगा जिसमें कार्मिक व पार्षद की रिपोर्ट एवं उपखण्ड अधिकारी के मार्गदर्शन के आधार पर सतत कार्रवाई की जाएगी। वहीं फुटकर व्यापार बचाओ संघर्ष समिति ने बताया कि तीन दिवस में दुकानदारों की उचित व्यवस्था नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना होगा। फुटकर व्यापार बचाओ संघर्ष समिति ने उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण , नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ देवेन्द्र जिंदल , चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी और चौमूं एसीपी राजेन्द्र निर्वाण को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका चौमूं द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत फुटकर व्यवसायियों, थड़ी, ठेले वालों को नाजायज परेशान किया जा रहा है। जिनकी दुकान यातायात को बाधित नहीं कर रही है उन्हें भी नगर पालिका प्रशासन ने लाकर बंद कर दिया है। नगर पालिका प्रशासन की तानाशाही और हठधर्मिता के चलते गरीबों पर इस प्रकार की कार्रवाई करना अनुचित है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई का हम पुरजोर विरोध करते हैं और जिन दुकानदारों के ठेले उठाकर उनको बेरोजगार किया है उन सभी के थड़ी,ठेलों को वापस लगाया जाए। अगर नगर पालिका प्रशासन को शहर की सड़क पर हो रहे अतिक्रमण पर ही कार्रवाई करना है तो शहर के थाना मोड़ से बस स्टैंड के बीच के करीब आधा दर्जन बैंकों के बाहर लगे वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है वहां पर करें।

ज्ञापन में मांग की गई कि तीन दिवस में यदि इन दुकानदारों की उचित व्यवस्था नहीं की गई और दुकानों को चिन्हित स्थान देकर नहीं छोड़ा गया तो समिति अनिश्चितकालीन धरना देगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक सैनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष छीतर मल जलथुरिया, सामाजिक एवं न्याय विभाग के प्रदेश सचिव सिया शरण शर्मा, अशोक कुमार सेन, मुकेश सांखला, किशन सेन, आदिल खान, मोनू सेन, मालीराम, पप्पू स्वामी ,लालचंद सेन, तुषार सैनी ,सुशील कुमावत ,शिम्भु दयाल सेन सहित अनेक दुकानदार मौजूद रहे।

किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग

चौमूं / कालाडेरा, (निसं)। चौमू के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए मिले।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कलेक्टर राजपुरोहित को बताया कि शीतलहर व पाले से किसानों की अधिकांश फसलें नष्ट हो गई है। जिसमें सरसों की फसल शतत प्रतिशत खराब हो चुकी है। गेहूं, चना, धनिया आदि फसलों में शीतलहर के कारण काफी नुकसान हुआ है। यदि शीत लहर का प्रकोप और बढ़ता है तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी। किसानों की नुकसान हुई फसलों की गिरदावरी की कराकर शीघ्र मुआवजा की राशि जल्द से जल्द दिया जाए। जिससे किसानों को राहत मिल सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कलेक्टर राजपुरोहित को चौमूं में एडीएम कार्यालय खुलवाने के लिए भी ज्ञापन सौंपा।

'यातायात नियमों की पालना करें'

निवाई, (निसं)। लायन्स क्लब निवाई एवं क्राइम इन्वेस्टिगेशन बोर्ड निवाई के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सडक सुरक्षा जागरुकता अभियान को लेकर स्थानीय अहिंसा सर्किल एवं बस स्टेण्ड पर दुपहिया वाहन चालकों सहित रोडवेज की बस चालकों, जीप चालकों एवं राहगीरों को यातायात सुरक्षा पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों की जानकारी दी।

लायंस क्लब के अध्यक्ष ज्ञानचंद सोगानी ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही से कई हादसे हो जाते हैं। थानाधकारी छोटेलाल मीणा ने कहा कि यातायात नियमों की पालना नहीं करने से कई लोगों की जाने जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना व आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता करने व घायल को अस्पताल पहुंचाने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जायेगी। इस दौरान लोगों को सडक सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई।

विधायक को ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी दी

बहरोड़/ नीमराना, (निसं)। बहरोड़ विधायक बलजीत यादव को मुख्यमंत्री एवं पंचायती राजमंत्री राजस्थान सरकार के नाम पंचायत समिति सदस्य संघ नीमराना के संरक्षक महंत अनिल पुरोहित एवं सतीश मुद्गल पूर्व सरपंच नीमराना तथा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम अजीत व कोषाध्यक्ष कौशल्या यादव के नेतृत्व में विकास कार्यों में पंचायत समिति सदस्यों की भागीदारी की 9 सूत्री मांग नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी देकर मांग पत्र सौंपा।

पंचायत समिति संघ संरक्षक अनिल पुरोहित ने बताया कि संघ ने मांग पत्र बताया कि जनप्रतिनिधि के रूप में वार्ड में किए जाने वाले विकास कार्यों में सरपंच तथा प्रधान व जिला प्रमुख की भांति दस्तावेज सत्यापन में विभाग स्तर से प्रपत्र दिए जाने एवं क्षेत्र के विकास में केंद्र व राज्य सरकारों से अनुदान राशि तथा वार्ड में होने वाले विकास कार्य में सरपंच को प्रपत्र 5 को अनिवार्य नहीं कर पंचायत समिति सदस्य के लिए भी शहरी स्वायत्त शासन विभाग तथा निकाय पार्षदों व पंचायत राज संस्थाओं के प्रधान एवं जिला प्रमुख व सरपंच की तरह से ही मानदेय राशि 10000 रुपए तथा सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों में अनुशंसा अनुमति हस्ताक्षर अनिवार्य कर पट्टा व अतिक्रमण आदि के संबंध में स्वीकृति देने का परिपत्र जारी करने के साथ ही क्षेत्र की शिलालेख पट्टिकाओं पर पंचायत समिति सदस्य का नाम लिखे जाने के साथ ही विभाग से परिपत्र जारी कर उसके क्षेत्र में पंचायत समिति से स्वीकृत विकास कार्यों में सदस्य की अनुशंसा की अनिवार्यता कर प्रशासनिक स्वीकृति वित्तीय स्वीकृति आदि का प्रगति विवरण उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश जारी करने की मांग की।

■ **पंचायत समिति सदस्य संघ ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन**

विवाह सम्मेलन 5 फरवरी को

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में सोमवार को श्रीराम जानकी चतुर्थ सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सेवा भारती समिति की बैठक विवाह आयोजन समिति के उपाध्यक्ष शंभूदयाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 5 फरवरी को आयोजित किए जा रहे श्रीराम जानकी चतुर्थ सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का वितरण किया गया।

इस मौके पर सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में संयोजक किशन शरण बंसल, प्रांत सहमंत्री महेश गोयल, महेशचंद सैनी, मुरलीराम गुर्जर, रमेश बंसल किताबवाला, सुरेन्द्र पालीवाल, टेकचंद टेलर, लालचंद लोधीका, सुरेश मीणा, संतोष भार्गव, बीना सोनी, अनीता मिश्रा, भूपेंद्र सोनी, सुरेश सैनी, सुरेंद्र बालस्या, रामकिशोर सैनी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका का फिर चला पीला पंजा

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे में इस बार सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही मंडा से लेकर लामिया ग्राम को निकलने वाली मुख्य सड़क पर बिहारी दास जी मन्दिर से शनि मन्दिर के आगे पानी की टंकी तक आ रहे अतिक्रमण को जेसीबी लगाकर तोड़ा गया।

गौरतलब है कि 10 जनवरी को मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में हुई बैठक के बाद सड़क किनारे आ रहे कच्चे,पक्के चबूतरे व नालियों के पास कर रखा अस्थाई अतिक्रमण को नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया के नेतृत्व में कार्यवाहक कनिष्ठ अभियंता लोकेश निठारवाल व शुभम सैनी के नेतृत्व थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव के देखरेख में तैनात कर अतिक्रमण को उठाया गया। गौरतलब है कि खाटूश्यामजी कस्बे में करीब 2 माह से प्रशासन का पीला चलने का सिलसिला लगातार जारी है कभी 5 दिन से तो कभी 10 दिन से प्रशासन के आदेश के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सुगम दर्शन व्यवस्था के लिए मार्ग की व्यवस्था की जा रही है उसी के साथ राज्य सरकार से अनुमोदित सड़क का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके तहत कस्बे में आ रहे अतिक्रमण को लेकर विभाग की सहायक अभियंता अलका मिल ने नगर पालिका को पत्र जारी कर कस्बे में से अतिक्रमण हटाने की कहा गया था।

उपखंड अधिकारी प्रतिभा वर्मा, नगर पालिका प्रशासन व सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मौका देखने के बाद एक बार सड़क किनारे बने कच्चे व पक्के चबूतरे, अस्थाई अतिक्रमण की हटाने की आदेश दिए थे।

मंडा से लेकर लामिया ग्राम को निकलने वाली मुख्य सड़क पर आ रहे अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा गया।

विकास कार्यों के संबंध में बैठक

अलवर, (निसं) । जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास अलवर के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में नगर विकास न्यास अलवर की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर एवं न्यास अध्यक्ष ने शहर के समुचित याजनाबद्ध विकास के लिए न्यास के योजना क्षेत्रा में कुल 1431.91 लाख रूपये राशि की तथा न्यास के गैर योजना क्षेत्रा में 1241.53 लाख रूपये राशि के विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति जारी की। उन्होंने अलवर शहर में 60 फीट रोड से 200 फीट बाईपास को जोडने वाले मुख्य सडक की सीसी निर्माण कार्य, धोबी घट्टा से जेल चौराहे, आर्ट्स कॉलेज होते हुए 200 फीट बाईपास तक सडक चौडाइकरण, डिवाइडर निर्माण तथा विद्युत केबलों को भूमिगत करने, अम्बेडकर नगर योजना में न्यास का नवीन कार्यालय भवन का डिजाइन तैयार करने हेतु ईओआई जारी करने, शालीमार आवासीय योजना से विजय मंदिर व बुद्ध विहार 33 केवी लाइन शिफ्टिंग के कार्य, न्यास क्षेत्र में रोड लाइट रिपेयर करने हेतु वाहन ऋय करने आदि कार्यों की स्वीकृति प्रदान की।

कार्यालय नगर पालिका पावटा प्रागपुरा

क्रमांक-न.पा.पा.प्रा.2021-22/266 दिनांक-16.01.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग 2021 के अंतर्गत निम्न आवेदकों द्वारा पालिका में 69 क नियमन के अंतर्गत पट्टा/कृषि भूमि नियमन/भवन निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया गया है यदि इस कार्य में किसी आम या खास को कोई आपत्ति हो तो पालिका में 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सबुत के साथ प्रस्तुत करें बाद विवाद करने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जायेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1	रोहिताश्व पुत्र श्री भरताराम	कुनेड	184	189.83 वर्गगज	आवासीय
2.	कैलाश स्वामी पुत्र श्री गिदादास	पावटा	837	22.22 वर्गगज	आवासीय
3	कैलाश स्वामी पुत्र श्री गिदादास	पावटा	1170	11.08 वर्गगज	आवासीय
4	माया देवी पत्नी श्री रामजीलाल	पावटा	837/2353	42.77वर्गगज	आवासीय
5	नाहरमल यादव पुत्र श्री मूलचंद यादव	पावटा	1995	22.22 वर्गगज	आवासीय
6	रोहिताश स्वामी पुत्र श्री केशव राम स्वामी	पावटा	1779	12.04 वर्गगज	मिश्रीत
7	हिरालाल योगी पुत्र श्री मामराज योगी	पावटा	1779	225.15 वर्गगज	आवासीय
8	श्रवण कुमार पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	1784	269 वर्गगज	आवासीय
9	कृष्णा गर्ग पत्नी श्री ब्रजमोहन	पावटा	1784	32.60 वर्गगज	मिश्रीत
10	विनोद गर्ग पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	482	300 वर्गगज	आवासीय
11	विनोद गर्ग पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	1788	185.13 वर्गगज	आवासीय
12	विनोद गर्ग पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	1779	59.88 वर्गगज	मिश्रीत
13	श्रवण कुमार पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	1779	60 वर्गगज	मिश्रीत
14	रामोतार यादव पुत्र श्री नारायणराम	पावटा	735/2435	44.444 वर्गगज	आवासीय
15	प्रहलाद, महेश, हरिराम पुत्र श्री अर्जुनराम	पावटा	1170	88 वर्गगज	आवासीय
16	महेश, हरिराम पुत्र श्री अर्जुनराम यादव	पावटा	735/2435	44.44 वर्गगज	आवासीय
17	चेतराम पुत्र श्री जयसिंह मीणा	पावटा	878/2	598 वर्गगज	आवासीय
18	सत्यनारायण गौड पुत्र श्री ओमप्रकाश गौड	पावटा	1784	160.69 वर्गगज	आवासीय
19	महेंद्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री गोविन्द राम	पावटा	1784	165 वर्गगज	आवासीय
20	नरेश यादव पुत्र श्री रामू यादव	कुनेड	227	141.33 वर्गगज	आवासीय
21	लाल चन्द यादव पुत्र श्री रामू लाल	कुनेड	221	50.52 वर्गगज	आवासीय
22	सतीश यादव पुत्र श्री महावीर	कुनेड	221	109.78 वर्गगज	आवासीय
23	सतीश यादव पुत्र श्री महावीर	कुनेड	236	150.00 वर्गगज	आवासीय
24	महावीर शर्मा पुत्र श्री ब्रजमोहन	पावटा	480	134.75 वर्गगज	आवासीय
25	मंजू देवी पत्नी श्री अरूण	पावटा	480	101.81 वर्गगज	आवासीय
26	प्रतिमाराज पुत्र श्री राजकुमार	पावटा	480	150 वर्गगज	आवासीय
27	भगवती शर्मा पत्नी श्री गोविन्द शर्मा	पावटा	480	121.00 वर्गगज	आवासीय
28	कविता देवी पत्नी श्री संजय शर्मा	पावटा	573	100 वर्गगज	आवासीय
29	नाहर सिंग पुत्रम श्री साधुराम यादव	प्रागपुरा	854	152.42 वर्गगज	आवासीय
30	कमल देवी पत्नी श्री सरदारमल यादव	प्रागपुरा	854	273.05 वर्गगज	आवासीय
31	साधुराम, सरदारमल पुत्र श्री सोणा राम	प्रागपुरा	854	209.01 वर्गगज	आवासीय
32	राजेन्द्र मेहरा पुत्र श्री रामचंद मेहरा	प्रागपुरा	1249	191.76 वर्गगज	आवासीय
33	मुकेश कुमार पुत्र श्री मोती राम यादव	पावटा	570	170.50 वर्गगज	आवासीय
34	लाली देवी पत्नी श्री मातदीन	पावटा	573	200 वर्गगज	आवासीय
35	साधुराम, सरदारमल पुत्र श्री सोणा राम	प्रागपुरा	854	265.89 वर्गगज	आवासीय
36	महावीर शर्मा पुत्र श्री जमूरा राम	प्रागपुरा	1592	44.44 वर्गगज	आवासीय
37	सरती देवी पत्नी श्री बालू राम जाट	पावटा	3099/3098	242.24 वर्गगज	आवासीय
38	बालू राम पुत्र श्री नारायण राठी	पावटा	3099/3098	266.24 वर्गगज	आवासीय
39	सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री रामजीलाल शर्मा	प्रागपुरा	909	76.89 वर्गगज	आवासीय
40	रामकुवार स्वामी पुत्र श्री भंवराराम स्वामी	पावटा	785/2716	34.44 वर्गगज	आवासीय
41	रामजीलाल स्वामी पुत्र श्री कानादास	पावटा	785/2716	98.89 वर्गगज	आवासीय
42	सत्यानारायण गौड पुत्र श्री ओमप्रकाश गौड	पावटा	1784	160.69 वर्गगज	आवासीय
43	वीरेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह पुत्र श्री बजरंग	पावटा	1893	270.95 वर्गगज	मिश्रीत
44	महेंद्र सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र यादव	कुनेड	221	354.72 वर्गगज	मिश्रीत
45	आशा देवी पत्नी श्री देवकी नन्द	ललाना	316	596.55 वर्गगज	आवासीय
46	बनवारी लाल पुत्र श्री हनुमान सहाय	पावटा	1779	11 वर्गगज	मिश्रीत
47	मनोज अग्रवाल पुत्र दौलत राम	पावटा	1779	30.22 वर्गगज	मिश्रीत
48	सचिन कुम्हार पुत्र श्री हीराराम कुमावत	पावटा	2013	149.15 वर्गगज	आवासीय
49	हनुमान सहाय पुत्र श्री श्योजी राम	पावटा	1170	38.84 वर्गगज	मिश्रीत
50	सुनील, लोकेश पुत्र श्री रामावतार शर्मा	पावटा	1233/1	200 वर्गगज	आवासीय
51	राधेश्याम कश्यप, धर्मेन्द्र पुत्र श्री प्रभुदयाल	पावटा	1779	154.13 वर्गगज	आवासीय
52	मुनिका पत्नी श्री राकेश यादव राकेश पुत्र श्री राजवीर सिंह	पावटा	1972	113.32 वर्गगज	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा